Title:Need to take steps to solve the acute drinking water problem in Agra, Uttar Pradesh. − Laid.

श्री राज बब्बर (आगरा): अध्यक्ष महोदय, आगरा में पिछले कई वर्षों से पानी की कमी की गंभीर समस्या चल रही है। वहां के निवासी पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं। कई वर्षों से इस समस्या को दूर करने के लिए सर्वे भी चल रहे हैं, लेकिन स्थिति वहीं की वहीं बनी हुयी है। सर्वे से पता चला है कि कई जगह जमीन के पानी में फ्लोराइड की मात्रा काफी है और वह पानी न पीने योग्य है न खेती करने योग्य है। फतेहपुर सीकरी में पानी की कमी की सबसे गंभीर समस्या है। पानी की कमी की वजह से वहां के कई गांवों में शादियां नहीं हो पा रही हैं।

गरीबों और दलितों का तो और भी बुरा हाल है, उन्हें पानी के लिए कई मील पैदल चलकर भी पानी नहीं मिलता। पानी की कमी की वजह से वहां का किसान न तो हल चला सकता है और न ही अपने खाने के लिए कुछ पैदा कर सकता है। आगरा क्षेत्र की सारी नहरें सूखी पड़ी हुयी है, जिससे किसानों की समस्या और गंभीर हो गयी है।

अतः मेरी केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि एक ऐसा पैकेज प्रोग्राम बनाएं, जिससे वहां की पानी की समस्या का निदान हो सके और वहां के निवासी चैन की सांस ले सकें।